भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3955

उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

कर्नाटक में डाकघरों में बुनियादी ढांचे का उन्नयन और नई प्रौद्योगिकी को अपनाना

3955. श्री एम. मल्लेश बाबू :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कोलार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित कर्नाटक के डाकघरों में किए गए अवसंरचनात्मक उन्नयन और आधुनिकीकरण कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान कोलार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित कर्नाटक के डाकघरों में अवसंरचना विकास, आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) डिजिटल सेवाओं, आईटी अवसंरचना, कोर बैंकिंग, पार्सल प्रोसेसिंग, स्वचालन और ग्राहक सेवा सुविधाओं सहित डाकघरों में शुरू की गई नई प्रौद्योगिकियों का ब्यौरा क्या है और कर्नाटक में विशेषकर कोलार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में इनके कार्यान्वयन का दायरा कितना है; और

(घ) कर्नाटक में विशेषकर कोलार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में डाकघरों को और अधिक आधुनिक बनाने, डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार करने, अवसंरचना को मजबूत करने और डाक सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और दक्षता में वृद्धि करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) कर्नाटक डाक सर्कल में विगत 5 वर्षों के दौरान निम्नलिखित अवसंरचनात्मक उन्नयन और आधुनिकीकरण कार्य किए गए हैं :

नए डाकघर भवनों का निर्माण	डाकघर भवनों का नवीनीकरण और उन्नयन	किराए के डाकघर भवनों की सज्जा (फेसलिफ्टिंग)	डाकघर भवनों का नवीनीकरण, ब्रांडिंग और री-डिजाइन	विरासत डाक भवनों का संरक्षण और जीर्णोद्धार
30	23	77	2	3

कोलार में विगत 5 वर्षों के दौरान, 6 डाकघर भवनों में विभिन्न अवसंरचनात्मक उन्नयन और आधुनिकीकरण कार्य किए गए।

ख) विगत 5 वर्षों के दौरान कोलार सहित कर्नाटक डाक सर्कल में डाकघरों में अवसंरचना विकास, आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए आवंटित/जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

ग) आईटी आधुनिकीकरण परियोजना 2.0 के तहत, विभाग ने देशभर में उन्नत डाक प्रौद्योगिकी (एपीटी) एप्लिकेशन शुरू की है, जिसमें कर्नाटक सर्कल के 1653 विभागीय डाकघर (58 प्रधान डाकघर और 1595 उप डाकघर) शामिल हैं। इसमें कोलार डाक डिवीजन के 2 प्रधान डाकघर और 66 उप डाकघर शामिल हैं, जो बुकिंग, प्रोसेसिंग और डिलीवरी के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच प्रदान करती है। इसके अलावा, एपीटी के तहत, नागरिकों को डाक सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सभी प्रकार के डिजिटल भुगतान

(क्यूआर/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि) को भी सक्षम किया गया है। इसके अलावा, कोलार डाक डिवीजन के 359 शाखा डाकघरों सहित कर्नाटक सर्कल के 7959 शाखा डाकघरों में **डाक मित्र ऐप** शुरू किया गया है, जो डाक, बैंकिंग, बीमा और नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है।

घ) उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित उठाए गए कदमों के अतिरिक्त, डाकघरों में स्वच्छ पेयजल, प्रतीक्षा कक्ष, साफ सुथरे शौचालय, तेज़ रोशनी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। समावेशी पहुंच के लिए रेल एवं रैंप तथा ब्रेल साइनेज भी प्रदान किए गए हैं।

पूरे सर्कल में नेटवर्क सेवा प्रदाता-1 (एनएसपी-1) और एनएसपी-2 के माध्यम से डिजिटल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई है। कोलार डाक डिवीजन में, 2 प्रधान डाकघरों और 66 उप डाकघरों में डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है। शाखा डाकघर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा सप्लाई किए गए मोबाइल उपकरणों के साथ कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा, भारत में अपने सभी डाकघरों में डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डाक विभाग ने केंद्रीय रूप से व्यय किया है। कोलार में 2 प्रधान डाकघरों और 66 उप डाकघरों में डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान की गई है।

******

अनुबंध

कोलार सहित कर्नाटक डाक सर्कल में आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा:

(आंकड़े रुपए में)

वर्ष	अवसंरचना विकास		आधुनिकीकरण और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाना	
	आवंटित निधि	उपयोग की गई निधि	आवंटित निधि	उपयोग की गई निधि
2021-22	7,14,54,002	7,40,06,967	1,95,64,100	1,95,64,100
2022-23	6,99,57,347	7,40,69,367	8,44,66,585	8,44,66,457
2023-24	13,56,60,453	13,76,76,420	8,98,00,000	8,97,99,977
2024-25	10,02,66,095	10,09,75,496	2,00,00,000	1,98,39,406
2025-26	13,18,02,175	13,07,81,958	6,08,51,000	6,08,49,940
कुल	**50,91,40,072**	**51,75,10,208**	**27,46,81,685**	**27,45,19,880**